तारः जलयन्ता खीरी

फोन नं0 263262 (कार्या.)

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम–भन्सरिया, पो0–उदयपुर, लखीमपुर–खीरी (उ0प्र0) 262701

पत्रांक 1379 / M-48 / 54 दिनांक 23/04/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।


विषयः– **न्यूज ट्रैक समाचार पत्र में दिनांक 22.04.2026 को प्रकाशित खबर "लखीमपुर खीरी में हर घर जल योजना फेल, अब गांव में पानी को तरसे ग्रामीण" के संबंध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक न्यूज ट्रैक समाचार पत्र में दिनांक 22.04.2026 को प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन" लखीमपुर खीरी में हर घर जल योजना फेल, अब गांव में पानी को तरसे ग्रामीण"** खबर प्रकाशित हुई है उक्त के क्रम में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर में कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन०सी०सी० एवं वी०टी०एल० को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी०, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी०, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–532669 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1017 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–मितौली की अब गांव ग्राम पंचायत में सोलर वायर चोरी हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित थी, जिसे आवश्यक कार्यवाही कर नया सोलर वायर लगवा दिया गया था तथा जलापूर्ति सुचारू रूप से चालू कर दी गई थी परंतु वर्तमान में लीकेज समस्या होने के कारण वर्तमान में जलापूर्ति बाधित हो गयी है। जिसे सही कराने हेतु फर्म द्वारा कार्य प्रगति पर है तीन दिवस में समस्त लीकेज मरम्मत का कार्य पूर्ण कराकर जलापूर्ति सुचारू रूप से प्रारम्भ करा दी जाएगी।




भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

<u>पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता, (ल०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता

g:\rahul\igrs\anand\paper_cutting\newstrack_223.04.2026.docx